दैनिक रणघोष बेहतर बदलाव की आवाज़ • देश • प्रदेश

twitter.com/ranghosh1
facebook.com/ranghoshnews
instagram.com/ranghoshnews
7206492978
8824451547
ranghoshnews@gmail.com
ranghoshnews.com
helpdesk@ranghosh.com

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण अभियान एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

रणघोष अपडेट » रेवाड़ी से

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में एन.एस.एस., वाई. आर.सी और भौतिकी और रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे. पी. यादव ने स्टाफ सदस्यों और छात्रों की उपस्थिति में वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया । कुलपति ने छात्रों को ग्रीन हाउस गैसों से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बताया। ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ने का खतरा है जिससे आसपास के क्षेत्र डूब सकते हैं और इस खतरे को वृक्षारोपण से ही कम किया जा सकता है इसलिए हमें वृक्षारोपण अभियान पूरे वर्ष चलाते रहना चाहिए । उसके उपरांत दोपहर को रसायन विज्ञान विभाग, ने 'पर्यावरण के लिए रसायन विज्ञान' और कक्षा/प्रयोगशाला सजावट विषय पर पोस्टर मेकिंग नामक दो प्रतियोगिताएं आयोजित की। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के रखरखाव में रसायन विज्ञान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ मेनका और फार्मास्युटिकल विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर सुश्री दीपिका ने प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक के रूप में काम किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नेहा ने प्रथम, साक्षी यादव ने द्वितीय व निखिल यादव व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सजावट विजेता 'जैविक रसायन टीम' और प्रयोगशाला विजेता टीम 'भौतिक प्रयोगशाला टीम' थी। कार्यक्रम में फिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार मुख्य अतिथि थे। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

Indira Gandhi University
Meerpur-Rewari
Celebrates
World Environment
by organising a
"Plantation Drive Program"
4th June, 2022 at 9:00 AM
Venue : Sardar Patel Bhawan
Department of Physics
Indira Gandhi University
Meerpur-Rewari
Celebrates